सभी प्रकार की सरकारी सहायताओं से मुक्त, खोजी पत्रकारिता का तेज बढ़ता अखबार

दैनिक themovementofindia.in

# द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

RNI No. RAJHIN/2012/48876
पोस्टल पंजीयन नं. भीलवाड़ा / 2025-2027

खोजी खबरें-तेज नजरें | प्रेरणा स्रोत - स्व. चुन्नीलाल सालवी | ये अखबार ही नहीं क्रांति का अभियान है। मानवता एवं लोकतंत्र का सजग प्रहरी, ये दुष्टों की मौत का सामान है।

वर्ष - 14 अंक -55 | 26 अगस्त 2025,मंगलवार | संपादक - दयाराम दिव्य | सहसंपादक - चाहत सालवी | मूल्य - 2 रू.

## भीलवाड़ा में धमाके के साथ गिरा स्कूल का कमरा: पीछे पानी भरा रहने से नींव हो गई थी कमजोर

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

(लक्ष्मीनारायण इनाणी )



भीलवाड़ा के रायला कस्बे में जनता कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल का एक कमरा मंगलवार सुबह अचानक तेज धमाके के साथ गिर गया।

स्कूल के पीछे पानी भरा रहने के कारण इस कमरे की नीव कमजोर हो गई थी। इंस्पेक्शन के दौरान अधिकारियों ने इस कमरे को पहले ही लॉक करके सील कर दिया था। इस कारण बड़ा हादसा टल गया। प्रधानाध्यापक एहसान अली ने बताया कि स्कूल के पीछे पानी भरने के हालातों के बारे में उच्च अधिकारियों को पहले ही अवगत करा दिया गया था। इसी के चलते इंस्पेक्शन के दौरान अधिकारियों ने इस कमरे को पहले ही लॉक करके सील कर दिया था।

मंगलवार सुबह करीब 9 बजे के बाद अचानक यह कमरा तेज धमाके के साथ गिर गया, इस दौरान स्कूल भी चल रहा था, लेकिन कमरा एक तरफ था और उस तरफ किसी का आना-जाना नहीं होता था। इसके चलते किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है, सभी बच्चे सुरक्षित है। इधर स्कूल का कमरा गिरने की घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। घटना के दौरान स्कूल में 73 बच्चे थे, जो सभी सुरक्षित है। अब जल्द ही मलबा हटवा कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। कमरा गिरने का पता लगते ही स्कूल स्टाफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

## मुझे जीने नहीं दे रहे, पुलिस भी इसमें शामिल जैसलमेर में युवक ने किया सुसाइड



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

जैसलमेर में एक 20 साल के युवक ने हौद में कूदकर जान दे दी। हौद के पास एक लैटर ?भी मिला है। इसमें लिखा है कि जोधपुर का एक युवक उसे धमकी दे रहा है और उसे जीने नहीं दिया जा रहा है। इसमें फलोदी के मतोड़ा पुलिस भी शामिल है। मामला जिले के भणियाण थाना इलाके के रातड़िया गांव के शिवनाथ सिंह नगर में मंगलवार शाम 6 बजे का है। रात करीब 8 बजे दूदाराम को भणियाणा की सीएचसी पर लाया गया। बताया जा रहा है कि युवक आरएलपी का कार्यकर्ता था। लैटर भी उसने हनुमान बेनीवाल के नाम लिखकर राजस्थान पुलिस पर आरोप लगाए है। लिखा- राजस्थान की पुलिस 1-2 लाख के चक्कर में किसी को भी मरवा सकती है।

इधर, युवक के मौत की सूचना मिलने के बाद आरपीएल कार्यकर्ता मंगलवार सुबह 10 बजे से भणियाणा सीएचसी के बाहर धरने पर बैठ गए और शव उठाने से मना कर दिया। भणियाणा थाना प्रभारी देवाराम गोदारा ने बताया- हाल ही में मतोड़ा थाना (फलोदी) इलाके में किसी लड़की की गुमशुदगी का मामला आया था। उस मामले में मृतक दूदाराम को लड़की के साथ पुलिस ने पकड़ा था। पुलिस ने लड़की को उसके परिजनों और दूदाम को उसके मामा को सौंप दिया था। ऐसे में अंदेशा है कि इसी मामले को लेकर युवक परेशान हुआ होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस हत्या और सुसाइड दोनों एंगल से जांच कर रही है। ?पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।मरने से पहले युवक का एक लेटर सामने आया है। इसमें लिखा- जोधपुर जिले के का एक युवक बार बार फोन-मैसेज कर परेशान करने कर रहा है। वह मुझे जीने नहीं दे रहा है। इसमें मतोड़ा पुलिस थाना अधिकारी और धमकी देने वाला दोनों शामिल है।

## फर्जी मार्कशीट मामले में चूरू विधायक की मुश्किलें बढ़ीं

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



राजस्थान हाईकोर्ट ने फर्जी मार्कशीट मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को वापस लेने की राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने याचिका खारिज की। कोर्ट ने सरकार की ओर से पेश दलीलों को खारिज करने के साथ ही फटकार लगाते हुए कहा- वे यह साबित नहीं कर सके कि मुकदमा वापस लेने से न्याय के व्यापक हित कैसे पूरे होंगे।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह आवेदन सद्भावना से नहीं बल्कि कानूनी प्रक्रिया को दबाने के लिए दिया गया लगता है।

जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ते वक्त फर्जी मार्कशीट लगाई थी

दरअसल, वर्ष 2019 में चिमना राम नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि हरलाल सहारण ने 2015 में जिला परिषद चूरू के वार्ड नंबर 16 से सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ते समय 10वीं क्लास की फर्जी मार्कशीट जमा की थी। शिकायत के आधार पर चूरू के कोतवाली थाने में स्नद्बक्र दर्ज की गई थी।

आरोप के अनुसार, हरलाल सहारण ने नामांकन पत्र के साथ उत्तराखंड बोर्ड की एक मार्कशीट जमा की थी। इसमें रोल नंबर 1494335 था। लेकिन जब ऋद्धद्व के तहत जानकारी मांगी गई तो उत्तराखंड बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया कि यह रोल नंबर किसी छात्र को आवंटित ही नहीं किया गया था। यह भी पता चला कि मार्कशीट में दर्शाया गया स्कूल का नाम भी फर्जी था।

पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश सहित अन्य धाराओं में चार्जशीट पेश की। कोर्ट ने संज्ञान लेकर आरोप भी तय किए। तब हरलाल सहारण ने संज्ञान के आदेश को चुनौती दी थी। लेकिन 11 सितंबर 2023 को उनकी रिवीजन पिटिशन खारिज कर दी गई।

## बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मां-बेटे को कुचला, मौत:आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर को छोड़कर फरार



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

बेटी के सुसराल मिलने जा रही महिला और उसके बेटे को बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसा कोटपूतली में नारेडा-पावटा स्टेट हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे प्रागपुरा थाना क्षेत्र में भोमिया के पास चौराहे पर हुआ। हेड कॉन्स्टेबल विनोद यादव ने बताया कि जोधावास, थाना थानागाजी (अलवर) निवासी रोशन (25) अपनी मां चौथी देवी (50) के साथ बाइक से प्रागपुरा थाना क्षेत्र के टोल्डा रामपुरा (कोटपूली-बहरोड़) जा रहा था। इस दौरान भोमिया चौराहे पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को लहूलुहान हालत में एंबुलेंस से पावटा उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने रोशन को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल छोटी देवी को जयपुर रेफर किया गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सालवी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बाबा राम देव जन्मोत्सव, शोभायात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त गण, प्रतिभाओं का किया सम्मान

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**मदन सालवी ओजस्वी**




हर वर्ष की भाँति भादवा सुदी बीज पर निकाले जाने वाली सालवी समाज के आराध्य बाबा रामदेव जी की जिलास्तरीय 10वीं शोभायात्रा सोमवार 25 अगस्त को हर्षोल्लास से निकाली गई। इसके पश्चात् समाज का द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। सोमवार को प्रातः 9:30 बजे पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत द्वारा सुभाष चौक पर हरी झण्डी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव रणजीत लोठ, पूर्व नपा अध्यक्ष रमेशनाथ योगी, नगर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, नवरतन जीनगर, बतौर विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य संयोजक हंसराज सालवी, रतनलाल सालवी ने बताया कि शोभायात्रा शहर विभिन्न मार्गों से होते हुए ऑडिटोरियम पहुँची जहाँ जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता चंदेरिया चौखला अध्यक्ष मदनलाल सालवी, महासभा अध्यक्ष राजेन्द्र सालवी, सावा चौखला श्यामलाल सालवी ने की व विशिष्ठ अतिथि चित्तौड़गढ़ प्रधान देवेन्द्र कंवर भाटी, मातृकुण्डिया ट्रस्ट अध्यक्ष शंकरलाल सालवी, रमेश चन्द्र बलाई, पहलवान सालवी, भूपेन्द्र सालवी, सोनू सालवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य, जिलास्तरीय प्रतिभावान छात्र, छात्रा, 10 बार से अधिक रक्तदान करने वाले समाज के रक्तदाता, समाज के भामाशाह एवं नवपदस्थापित कर्मचारियों सहित बोर्ड की 8वीं, 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं का उपरना ओढ़ा कर, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मदनलाल सालवी, हंसराज सालवी, रतनलाल सालवी, मन्नालाल सालवी, अम्बालाल सालवी, प्रहलाद पांडोली, किशोर सालवी, देवकृष्ण सालवी, प्रभुलाल बोदियाना, भगवानलाल सालवी, दिनेश सालवी, किशनलाल सालवी, केवलराम सालवी, कालूराम बड़ोदिया,,रोशनलाल सालवी, रतनलाल पाटनिया, मुकेश भंडारिया, राजूलाल पांडोली, भामाशाह रमेश सालवी, नगर अध्यक्ष दीपक सालवी, नगर मंत्री मुकेश सालवी, डालचंद सालवी, जगदीश सालवी, मांगीलाल सालवी, गंगरार मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र सालवी, सरपंच गोवर्धन सालवी, प्रकाश रोलाहेड़ा, मदन सालवी ओजस्वी, श्याम सिंह सालवी,सागर सालवी, प्रहलाद सालवी, देवीलाल सालवी, गोपाल सालवी, हीरालाल सालवी आदि उपस्थित रहे। संचालन हंसराज सालवी, दिनेश सालवी ने किया। आभार मन्नालाल सालवी, श्यामलाल सालवी ने जताया।

C M Y K

## सम्पादकीय

### चुनाव प्रक्रिया से भरोसा डिगाने की चेष्टा

कई बार आधारहीन, किंतु लोक-लुभावन जुमले लोकतंत्र को घातक चोट पहुंचाते हैं। वोट-चोरी जैसा आरोप इसी तरह के प्रयासों में से एक है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं, अपितु चुनाव-प्रक्रिया पर जनता के भरोसे पर पुष्पित-पल्लवित होता है। इसके लिए जरूरी है कि मतदान केंद्र पर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदाताओं के मन में यह अटूट भरोसा हो कि उनका वोट सुरक्षित है और उनका निर्णय देश की दिशा तय करेगा। हाल के दिनों में



कांग्रेस की आगुआई में कुछ दलों द्वारा वोट-चोरी जैसे आरोपों ने इस विश्वास को चुनौती देने का प्रयास किया है। इससे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की साख को चोट पहुंच रही है। संविधान निर्माताओं ने संविधान के भाग-15 में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग की स्थापना की। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए संसद ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 तथा रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्टोरल रूल्स-1960 बनाया, जिनमें मतदाता सूची के निर्माण, उसका प्रकाशन, उन पर आपत्तियों का आमंत्रण और उनके सम्यक निस्तारण की चरणबद्ध व्यवस्था है। यदि कोई व्यक्ति किसी अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो उसे अपील का अधिकार है। उसके पास अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। इस पूरी कानूनी व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि किसी के साथ अन्याय न हो। एक व्यक्ति को केवल एक जगह ही मतदान का अधिकार हो। किसी का नाम छूट गया है तो वह अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन करे और किसी ऐसे व्यक्ति का नाम जुड़ गया है, जो मतदाता होने का हकदार नहीं है, तो उस पर आपत्ति दर्ज करके उसे हटाया जा सके। यह पूरी प्रक्रिया दुनिया के दूसरे किसी भी लोकतंत्र से अधिक पारदर्शी है। यही कारण है कि शीर्ष न्यायालय ने कभी इस प्रक्रिया पर प्रश्न नहीं उठाया। चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों का सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि यह अपनी असफलता को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि देर-सबेर जनता इसकी सच्चाई को समझ जाएगी, किंतु कई बार इससे फौरी तौर पर घातक और कई बार अपूरणीय क्षति हो जाती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के चुनावों के बाद इसी तरह के जुमले का प्रयोग करते हुए चुनाव-चोरी का आरोप लगाया था। परिणाम यह हुआ कि अमेरिका के लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार कैपिटल हिल पर हिंसा भड़क उठी और अमेरिकी लोकतंत्र की छवि को गहरी चोट पहुंची। ब्राजील भी इस तरह के आरोपों की सजा भुगत चुका है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी इसकी कीमत चुका रहे हैं।

**प्रधान संपादक - दयाराम दिव्य**

**आवश्यकता**

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया को**

को राजस्थान के प्रत्येक जिले व तहसील से ब्यूरो व संवाददाताओं की आवश्यकता है

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**

- 9694957624 dayaramdivya5@gmail.com
themovementofindia2012@gmail.com

# वाल्मीकि समाज ने बाबा रामदेव का नेजा निकाला, उमड़ा जनसैलाब

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



भीलवाड़ा - भादवा महीने की दूज के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा बाबा रामदेव जी का भव्य नेजा (ध्वज) जुलूस निकाला गया। यह जुलूस हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बापू कॉलोनी स्थित अरिहंत हॉस्पिटल के पास से शुरू हुआ। पार्षद शिवप्रकाश घावरी ने बताया कि यह आयोजन समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इस जुलूस में वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए और भक्ति भाव से बाबा रामदेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जुलूस में पारंपरिक भजन-कीर्तन और लोक गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। छात्रनेता यशवंत चंदेला ने बताया कि बाबा रामदेव लोक देवता हैं और उनकी पूजा सभी वर्गों के लोग करते हैं। यह नेजा जुलूस समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति और पदाधिकारी भी उपस्थित थे। यह नेजा जुलूस विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने निर्धारित स्थान पर समाप्त हुआ, जहाँ बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद शिवप्रकाश घावरी, रामदेव चन्नाल, पार्षद श्यामलाल मल्होत्रा, पूर्व पार्षद राजकुमार घावरी, संजय चन्नाल, गोपाल चन्नाल, रवि बाबा चन्देला, राजेश मल्होत्रा, विक्रम घावरी, पारस चन्नाल, राजेश गारू, राजेश देसाई सहित वाल्मीकि समाज के कई व्यक्ति उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी की मनोनीत जिला कार्यकारिणी भंग पुनर्गठन शीघ्र होगा : गोखरू

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा 26 अगस्त / जिले के पत्रकार, साहित्यकार एवं संपादक तथा संवाददाताओं की प्रथम रजिस्टर्ड संस्था भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी की मनोनीत जिला कार्यकारिणी को जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह गोखरू ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है ।

यह जानकारी देते हुए सोसायटी के जिला महासचिव शहजाद खान ने बताया कि सोसायटी की विधिवत कार्यकारिणी के गठन के लिए पिछली बार 31 दिसंबर 2018 तक सदस्यता अभियान चलाया गया था जिसके तहत् बने नए सदस्य एवं स्थाई संस्थापक संरक्षक सदस्यों के नवीनीकरण के बाद सर्व समिति से श्री गोखरू को अध्यक्ष चुना गया और उन्होंने 20 जनवरी 2019 को पदाधिकारी मनोनीत कर कार्यकारिणी की घोषणा की थी परंतु 2020-22 से लंबे चले कोरोना प्रकोप के कारण सोसायटी की सभी गतिविधियां थम सी गई ।

इसलिए अब पुनः सोसायटी को गतिशील करने के लिए संस्था विधान संख्या 6 के उप नियम 4 में बिंदु 6 के तहत संस्थापक एवं संरक्षक व साधारण सदस्यों का पुनः नवीनीकरण करने के साथ ही अभियान चला कर नई सदस्यता प्रदान की जाएगी तथा संरक्षक मंडल एवं सोसायटी प्रमुख की सलाह के बाद अध्यक्ष गोखरू नई जिला कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करेंगे ।

सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि सोसायटी को गतिशील एवं प्रभावी बनाने एवम् नवोदित पत्रकारों को जोड़ने के लिए आगामी 1 से 10 सितंबर 2025 तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें शहर सहित जिले भर के मर्यादित, क्रियाशील पत्रकार, साहित्यकार, संपादक एवं समाचार पत्रों के संवाददाताओं को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सदस्य बनाकर जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन की घोषणा शीघ्र की जाएगी, सदस्यता के लिए आवेदन पत्र महासचिव शहजाद खान से प्राप्त किया जा सकता है ।

# शोभायात्रा में गूंज रहे बाबा रामदेव के जयकारे

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**आकोला (रमेश चंद्र डाड)**
गेणोली गांव में बाबा रामदेव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर रेगर समाज द्वारा बाबा रामदेव शोभायात्रा निकाली गई जो सदर बाजार होते हुए बाबा रामदेव मंदिर परिसर स्थान पर शोभायात्रा में गूंज उठा बाबा रामदेव जयकारे लगाते हुए महिला पुरुष नाचते गाते चल रहे बाबा रामदेव मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण की



# गांवो में बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव मनाया

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



आकोला( रमेश चंद्र डाड)कस्बे सहित क्षेत्र के होलीरड़ा, गेगा का खेड़ा,चांदगढ़, सिंगोली चारभुजा,बडलियास, बंरूदनी,नाहरगढ़, रानीखेड़ा, गेतापारोली, सोपुरिया, श्रीपुरा, दोवनी,जीवा का खेडा ,खजीना,गांवो में सोमवार को बाबा रामदेव जन्मोत्सव मनाया। इससे पूर्व रात्रि के जागरण कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे में रेगर समाज द्वारा बाबा रामदेव मंदिर से 10ः15 बजे शोभायात्रा निकाली जो गांव के प्रमुख मार्ग से होती हुई बनास नदी किनारे पहुंची जहां पर विशेष पूजा अर्चना हुई। 4ः15 बजे शोभायात्रा रामदेव मंदिर पहुंची जहां पर विशेष आरती हुई तथा प्रसाद वितरित किया गया।

# भीलवाड़ा जन अधिकार परिषद ने मोदी जी के आह्वान पर किए निःशुल्क पौधे वितरण

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

एक पेड़ माँ भारती के नाम सादर निवेदन करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण-वृक्षारोपण की मुहिम में जन अधिकार परिषद भीलवाड़ा के युवा साथियों द्वारा पौधों का निःशुल्क वितरण किया साथ ही एक पौधा देव-स्थान पर लगाने के लिए आग्रह किया सूचना केंद्र चौराहे पर किया गया कार्यक्रम की रूप रेखा संयोजक गौरव जी जीनगर आप के सानिध्य में सम्पन्न हुई कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेम जी गर्ग सांसद कार्यालय प्रभारी, प्रशांत जी मेवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष,कल्पेश जी चौधरी भाजपा जिला उपाध्यक्ष ,विनोद जी झुरानी




, गोपाल जी तेली भाजपा जिला उपाध्यक्ष ,विजय जी ओझा विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री, शंशाक बिड़ला ,संजय जी राठी और भीलवाड़ जन अधिकार परिषद के समस्त युवा साथी उपस्थित रहे।

# होलीरड़ा में केलू पोश कच्चा मकान ढहा हादसा टला



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**आकोला (रमेश चंद्र डाड)** कस्बे के निकटवर्ती होलीरड़ा में बीती रात को केलू पोश कच्चा मकान ढहा। स्थानीय निवासी प्रताप जाट ने बताया कि इन दिनों बारिश का दौर चल रहा है। जिसके कारण यह हादसा हो गया। गनीमत यह रही कि रात्रि का समय होने के कारण इसके नीचे कोई नहीं था जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

इसकी सूचना स्थानीय पटवारी को दी।

# गांवो में जंगली सूअरों का आतंक

## कई बीघा खड़ी फसलों को नुक़सान



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**आकोला** (रमेश चंद्र डाड)कस्बे सहित क्षेत्र के दोवनी ,नाहरगढ़, रानीखेड़ा,गेतापारोली,सोपुरिया ,श्रीपुरा ,हाथीपुरा, थंला, कांलाकुंआ ,होलीरडा,गेगा का खेडा, रघुनाथपुरा, अडसीपुरा, इंदोकडा की झुंपडिया, चांदगढ,जीवा का खेडा गांवो में इन दिनों जंगली सूअरों का आतंक ये सूअर रात को खेतों में घूसकर खड़ी फसलों को नुक़सान पंहुचा रहे हैं। जिससे किसान चिंतित हो गए। किसानों ने प्रशासन से जंगली सूअरों से निजात दिलाने की मांग की है।

# मॉडल स्कूल में ईवीएम मशीन से हुए बाल संसद के चुनाव अटल लैब में बनाई गई ईवीएम मशीन

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**शाहपुरा राजेन्द्र खटीक।**

शाहपुरा-स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा के बाल संसद के चुनाव निर्विघ्न रूप से संपन्न हुए। इस बार का चुनाव विशेष रहा हैं। व्याख्याता बुद्धि प्रकाश मीणा द्वारा अटल लैब में निर्मित ईवीएम मशीनों के माध्यम से चुनाव करवाया गया। ईवीएम मशीन की खासियत रही है की इसमें नोटा का बटन भी उपलब्ध था जिसमें मतदाता के प्रत्याक्षी समझ में नहीं आने पर नोटा का भी प्रयोग कर सकते थे। चुनाव प्रभारी लोकेश कुमार चौधरी और रत्ना टेलर ने बताया कि बाल संसद के चुनाव में मुख्य 6 पदों पर चुनाव करवाए गए जिसमें प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री प्रमुख थे। प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि कुल 36 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रत्येक पद के लिए 6-6 उम्मीदवारों ने आवेदन किया। मतदान में कक्षा 6 से 8 के भैया बहनों ने भाग लिया। विद्यालय मीडिया प्रभारी परमेश्वर प्रसाद कुमावत, प्रकाश चन्द धोबी उपस्थित रहे।



# आज सिंधु मैरिज होम में जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ प्रारंभिक शिक्षा शिक्षा दो दिवसीय का हुआ समापन

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**राजकुमार सैन**

धौलपुर,आज दिनांक 23अगस्त 2025। को दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ प्रारंभिक शिक्षा चलने वाली का समापन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मसूदपुर कैंप मैरिज होम सिंधु में हुआ।

समाजसेवी नरेन्द्र सिंधु ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे पहली बार शारीरिक शिक्षकों की वाक्पीठ मे आने का मौका मिला है और मुझे हमेशा से खेलो से बहुत ही लगाव रहा है और में भी छात्र जीवन में खिलाड़ी रहा हूं और इस वाक् पीठ में जो शारीरिक शिक्षक भाग ले रहे हैं उनमें से मेरे गुरु और कुछ साथी भी रहे हैं। अगर मेरे लायक कोई भी कार्य हो तो हमेशा तैयार रहूंगा। उपजिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा बिजेंदर कोली ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों को नियमित खेल खिलना चाहिए बच्चो को निरन्तर अभ्यास कराना चाहिए जिससे जिले से खिलाडी तैयार होंगे अगर कार्यालय स्तर पर कोई समस्या आए तो उनके समाधान के लिए हम सब तैयार हैं।

संगोष्ठी के संयोजक रामवरण कंसल ने बताया कि आज और कल शारीरिक शिक्षा व खेल से संबंधित कब्बड्डी, खोखो, क्रिकेट, वालीबाल, फ़ुटबॉल, तीरंदाजी, बास्केटबाल , टीटी, बैडमिंटल सहित वार्ता भी दी गई।

संगोष्ठी के सहसंयोजक यादवेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का माला पहना कर और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया।

प्रभारी फिजिकल डिप्टी प्रारंभिक शारीरिक शिक्षा चौबसिंह ने सभी अतिथियों और शारीरिक शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर हरिमोहन शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश परमार, परमजीत सिंह, चन्द्रभान चौधरी, यादवेंद्र सिंह राजेंद्र राणा, शैलेन्द्र सिंह, भुवनेश शर्मा, अन्नू वशिष्ठ,बिमल शर्मा, सुष्मिता शर्मा, नरेंद्रशर्मा, किरनदीप कौर, संगीता पराशर, गोपाल लुहार, करतार सिंह, यादवीर, जयप्रकाश पूनिया, अनेक सिंह, राजुदेवी, पिंकी, सन्तोष कुमार,द्रोपदी जांगिड़ सहित उपस्थित थे।

# जाट और ज्यानी ब्लॉक अध्यक्ष एवं धोलिया और चाड़ा युवा अध्यक्ष बने



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**शाहपुरा राजेन्द्र खटीक।**

शाहपुरा-जाट छात्रावास शाहपुरा और धानेश्वर में आयोजित समाज की बैठक में आज समाज के दोनों ब्लॉक समाज बंधुओ की आम सहमति से शाहपुरा जाट समाज ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट रामप्रसाद (टांडी) जाट को बनाया गया वही फुलिया कला ब्लॉक के अध्यक्ष सुरज करण ज्यानी को दूसरी बार वापस ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही शाहपुरा जाट समाज युवा अध्यक्ष धर्मीचंद धोलिया व फुलिया कला युवा ब्लॉक अध्यक्ष बंटी चाड़ा को बनाया गया है। अखिल मेवाड़ जाट महासभा के भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट ने समाज बंधुओ को संबोधित करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने भाईचारा और एकता के साथ समाज में शिक्षा और उन्नति मार्ग पर चलने और समय-समय पर समाज के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आग्रह किया।

जाट समाज के संरक्षक जगदीश जाट मांडल, हीरालाल भदाला भीलवाड़ा, उदय लाल भदाला भीलवाड़ा,अखिल मेवाड़ जाट महासभा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, छात्रावास अध्यक्ष बना लाल जाट, ब्लॉक अध्यक्ष रामधन थरोदा, सचिव जगदीश जाट ,रतन सोराणा, महावीर खाकल, द्वारका प्रसाद जाट, हेमराज जाट, अनिल गोरा, अर्जुन जाट, परमेश्वर जाट, रामलाल जाट, मोहनलाल जाट, शंकर लाल जाट, प्रशांत चौधरी, शंकर लाल जाट, ओम प्रकाश चौधरी, भागचंद चाड़, प्रधान चाड़, सुरेश चौधरी, अंकित चौधरी, पुखराज गोरा, कैलाश गोरा, महेंद्र जाट, सांवरलाल गोरा, जगदीश जाट हरि प्रकाश जाट, सत्यनारायण जाट, भैरू लाल जाट, द्वारका प्रसाद जाट सहित समाज के युवा और वरिष्ठ समाजजन एवं कर्मचारी बंधु का निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष रामधन जाट ने सर्व सहमति और भाईचारे से चुनाव संपन्न कराए जाने परआभार व्यक्त किया।

# स्वायत शासन सचिव रवि जैन के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को सौंपा ज्ञापन निर्दोष नगरपालिका कर्मचारियों की बहाली की मांग

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा नगर पालिका क्षेत्र में आवारा एवं हिंसक कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति में नगर पालिका के कुछ कर्मठ कर्मचारियों द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के जनसुरक्षा हेतु किया गया कार्य सराहनीय था। दुर्भाग्यवश, इन कर्मचारियों को बिना निष्पक्ष जांच के निलंबित कर दिया गया, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के प्रतिकूल है। इसी विषय को लेकर आज नगर कांग्रेस कमेटी, शाहपुरा द्वारा कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी, शाहपुरा को स्वायत शासन सचिव रवि जैन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि-

निर्दोष एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों की त्वरित बहाली की जाए

पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। नगरपालिका को आवारा पशुओं से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन एवं दिशा-निर्देश तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। नगर कांग्रेस कमेटी ने यह स्पष्ट किया कि जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठा जाएगा और यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो



जनआंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

ज्ञापन के दौरान उपस्थित ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय मेहता मानक घुसर लादू राम खटीक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा कांग्रेस प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी नगर उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा नगर महामंत्री ओम सिंधी सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर पूर्व पार्षद ओम सेन पार्षद प्रत्याशी रविदत्त पुंडीक विक्की खान सुनील पराशर धनराज जीनगर विनीत बुनकर अमजद खान विजय सिंह सुरेश ओझा पुष्पेंद्र सिंह चौहान पुष्पेंद्र सिंह बडगुर्जर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में आरटीई के बकाया भुगतान को लेकर निजी स्कूल संचालकों में भारी आक्रोश

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाडा ।** भीलवाड़ा में निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक पिछले दो वर्षों से बकाया पड़े आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के भुगतान की मांग को लेकर प्रारंभिक शिक्षा विभाग पहुंचे, जहां जिला शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी दोनों अधिकारी उपस्थित नहीं होने से निजी स्कूल संचालकों ने आक्रोशित होकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा जिला निजी शिक्षण संस्थान के बैनर तले प्रदेश महासचिव रामेश्वर लाल धाकड़, जिला अध्यक्ष अर्जुन देवलिया और ग्रामीण जिला अध्यक्ष देवीलाल साहू के नेतृत्व में कई स्कूल संचालकों ने अपनी शिकायतें दोनों अधिकारियों की अनुपस्थिति में उनके निजी




सहायक को सौंपी। प्रदेश महासचिव रामेश्वर लाल धाकड़ ने कहा कि अगर सात दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं होता है, तो उन्हें पूरे प्रदेश में एक उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में अर्पित संचेती, संजय लोहार, नवरत्नमल कलाल, डॉ. देवीलाल साहू, देवेंद्र सिंह चौहान, जमनालाल तेली, भंवर कुमावत, लोकेश शर्मा, महेंद्र रणवा, मोतीलाल रणवा, विजेश पहाड़िया, नकुल शर्मा, बसंती लाल, अक्षय चौधरी और रामदेव सहित अन्य कई स्कूल संचालक मौजूद थे।

# आमली पेट्रोल पंप के पास दिन दहाड़े बजरी माफिया की हाईवे पर अवैध दौड़, प्रशासन मोन





द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले में गंगापुर मेगा हाइवे पर रात 3 से सुबह 7 बजे तक दौड़ते बजरी से लदे ट्रैक्टर, कानून का नहीं कोई खौफ।आमली पेट्रोल पंप के पास बागोर से गंगापुर मेगा हाईवे बजरी माफिया का 'तेज रफ्तार अड्डा' बन चुका है। रोजाना रात के अंधेरे में 3 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक बजरी से ठसाठस भरे ट्रैक्टर दौड़ते हैं—मानो यहां कानून का कोई अस्तित्व ही नहीं।मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आमली,पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर इतने बेखौफ तरीके से निकला जैसे पुलिस, नाके और नियम—सब इनके लिए मजाक हों।स्थानीय लोगों का कहना है कि बजरी माफिया का ये खेल खुलेआम जारी है और प्रशासन सिर्फ मूकदर्शक बना बैठा है। सवाल उठता है—क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए है, माफियाओं के लिए नहीं? बजरी माफियो के हौसले बुलंद। बजरी माफिया के किसी भी ट्रैक्टर के नंबर प्लेट मौजूद नहीं होने के बावजूद भी सड़क पर दौड़ते हुए।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, हरणीकलां में वृहद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा ।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, हरणीकलां में आज 69वीं वृहद स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग आगाज हुआ। इन तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में शहर के लगभग 35 स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) रामेश्वर बाल्दी ने विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा के बीच सही संतुलन बनाने की प्रेरणा दी। बाल्दी ने अपने



संबोधन में कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से सच्ची खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश सुथार, विभागीय प्रतिनिधि सुमन ओझा, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता और मुख्य तकनीकी सलाहकार राजेंद्र काबरा सहित कई गणमान्य अतिथि मंच पर मौजूद थे। इस अवसर पर पार्षद शिवलाल जाट, पूर्व पार्षद शंकरलाल जाट, मोहनलाल जाट, विधायक प्रतिनिधि बनवारीलाल साहू, भवानीराम जाट, चेतन सालवी, प्रहलादराय तेली सहित स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसे खेलों में अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। करीब 100 विद्यार्थी साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन सरिता सोलंकी और नवीन कुमार शर्मा ने किया।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक दयाराम दिव्य द्वारा मुद्रक वेदांत प्रभाकर, मेधा कम्प्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स, ऑफिस नं. 128, वार्ड नं. 25, नंदभवन कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं एस-20, प्रतापनगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक दयाराम दिव्य 96949 57624, 87695 58132 * PRB एक्ट के तहत ख़बरों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भीलवाड़ा होगा